दैनिक भास्कर 22/4/2019

सीईटी में दो ग्रुप खत्म, नॉन सीईटी कोर्स में नहीं होंगे डिपार्टमेंटल टेस्ट, मेरिट पर प्रवेश

यूनिवर्सिटी की एडमिशन प्रक्रिया में बड़ा बदलाव, इसी सप्ताह शुरू होगी प्रक्रिया

भास्कर संवाददाता | इंदौर

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी की सीईटी (कॉमन एंट्रेंस टेस्ट) में बड़ा बदलाव किया गया है। इसमें दो ग्रुप सी और डी खत्म कर दिए गए। सी ग्रुप को पीएचडी और एमफिल के लिए अलग से बनाया है। यही नहीं, नॉन सीईटी कोर्स में डिपार्टमेंटल टेस्ट की व्यवस्था खत्म कर दी गई, यानी अब सिर्फ मेरिट आधार पर प्रवेश होगा। इसी सप्ताह से सीईटी और नॉन सीईटी कोर्स की एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

सिर्फ बीपीएड में एडमिशन के लिए होगी प्रवेश परीक्षा

इस बार किसी भी नॉन सीईटी कोर्स में डिपार्टमेंट टेस्ट नहीं होगा। स्कूल ऑफ कम्प्यूटर साइंस, केमिस्ट्री, फिजिक्स, मैथेमेटिक्स, एनर्जी, लाइफ साइंस सहित तमाम विभागों में मेरिट के आधार पर प्रवेश होगा। इन सभी संस्थाओं में लगभग 50 कोर्स ऐसे हैं, जिनमें अब मेरिट के आधार पर एडमिशन होगा। इसमें एमबीए एक्जीक्यूटिव, डिस्टेंस एजुकेशन के एमबीए, बीवोक सहित कम्युनिटी कॉलेज के भी कोर्स शामिल किए गए हैं। सिर्फ बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन में एडमिशन के लिए ही प्रवेश परीक्षा होगी।

पीएचडी और एमफिल के लिए बनाया सी ग्रुप

सीईटी में ए से डी तक कुल चार ग्रुप थे, इनमें से दो ग्रुप खत्म कर दिए। अब सिर्फ ए और बी ग्रुप रहेंगे। हालांकि पहली बार इसके साथ पीएचडी और एमफिल की भी प्रवेश परीक्षा होगी। इसके लिए सी ग्रुप बनाया है।

ग्रुप ए : 12वीं के बाद के सारे कोर्स इस ग्रुप में रहेंगे। ग्रुप ए-वन में बीकॉम ऑनर्स, बीए-एलएलबी, एमबीए-एमएस सहित अन्य जनरल कोर्स रहेंगे। जबकि ग्रुप ए-टू में बीसीए सहित साइंस बैकग्राउंड के कोर्स रहेंगे।

ग्रुप बी : ग्रेजुएशन के बाद के सारे कोर्स इसमें रहेंगे। ग्रुप बी-वन में एमबीए (फाइनेंस, मार्केटिंग, बिजनेस इकोनॉमिक्स सहित अन्य) और एमकॉम जैसे कोर्स रहेंगे। ग्रुप बी-टू में एमसीए, एमटेक, एम फॉर्मा, एमएससी कोर्स रहेंगे।

ग्रुप सी : पीएचडी और एमफिल कोर्स इसमें शामिल किए हैं। इसमें सी-वन में एमफिल के तमाम कोर्स की प्रवेश परीक्षा होगी। जबकि सी-टू में पीएचडी के अलग-अलग विषयों की प्रवेश परीक्षा होगी।

परचे का भी सिस्टम बदला, अब 75 के बजाय सौ प्रश्न

सीईटी में पहले 75 प्रश्न पूछे जाते थे। 225 अंकों का पेपर होता था। एक प्रश्न के तीन अंक होते थे, लेकिन गलत होने पर एक अंक कटता था। लेकिन अब परचा 400 अंकों का होगा। कुल सौ प्रश्न पूछे जाएंगे। एक प्रश्न चार अंकों का होगा। गलत जवाब पर एक ही अंक कटेगा।

इसी सप्ताह जारी होगा विज्ञापन, पूरी जानकारी रहेगी

सीईटी चेयरमैन डॉ. विजय बाबू गुप्ता ने कहा- सीईटी और नॉन सीईटी में बड़ा बदलाव किया है। इसी सप्ताह विज्ञापन जारी होगा। सारी जानकारी विज्ञापन में शामिल रहेगी। सीईटी में चार के बजाय दो ग्रुप हो गए हैं। पीएचडी और एमफिल के लिए नया ग्रुप बनाया है।

25 को आएगी बीएड में एडमिशन की पहली सूची, 2 मई से दोबारा रजिस्ट्रेशन

इंदौर | बीएड में एडमिशन की पहली सूची 25 अप्रैल को जारी होगी। जिन छात्रों को कॉलेज अलॉट होंगे, उन्हें पांच दिन के भीतर संबंधित कॉलेज में फीस और दस्तावेज जमा करना होंगे। इसके बाद 2 मई से दोबारा रजिस्ट्रेशन की लिंक खुलेगी। इसी दिन से सरकारी कॉलेजों में दस्तावेज सत्यापन भी होंगे। पहले दौर में 26 हजार से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हुए थे। इन सभी को कॉलेज अलॉट होगा। प्रदेश में 57 हजार सीटें हैं। इनमें इंदौर के 29 कॉलेजों में तीन हजार सहित संभाग के 59 कॉलेजों में छह हजार सीटें हैं। तीन चरण होंगे। इसके बाद कॉलेज लेवल काउंसलिंग होगी। मेरिट आधार पर पहली सूची आएगी और जिन छात्रों को पसंद का कॉलेज नहीं मिलेगा, उन्हें दूसरे दौर की सूची का इंतजार करना होगा। कॉलेज एसोसिएशन के गिरधर नागर और अवधेश दवे ने बताया कि इस बार 1 जुलाई से ही नया सत्र शुरू किया जा सकेगा। इधर, शासन ने एमएड के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया भी बीएड के साथ ही रखी है।